(i) Knowledge of minor oil seeds production and procurement and processing knowledge of Solvent Extraction Oil Industry or Expeller Oil Industry.

(ii) Research and development experience in either of the industry specified in item (i)".

[File No. A-12011/7/77-Estt. Van]

शुद्धि-पत्र

नयी दिल्ली, 16 अगस्त, 1980

सा० का० नि० 904.—भारत सरकार के भूतपूर्व वाणिज्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय (नागरिक पूर्ति विभाग) की 9 मई, 1980 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 704, जो भारत के राजपत्र संख्या 27 भाग 2, खंड 3, उप खंड (1) दिनांक 5 जुलाई, 1980 के पृष्ठ 1446 से 1448 में प्रकाशित हुई है, के पृष्ठ 1446 में कालम 6 के बाद निम्नलिखित जोड़ा जाये :—

सेवा में जोड़े गये वर्षों का
फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा
(पेंशन) नियम 1972 के
नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय
है या नहीं।
—6(क)—
"नहीं"

[मिसिल संख्या ए-12011/73/77-प्रशासन-I]

के० एस० बाजवा, अवर सचिव

CORRIGENDUM

New Delhi, the 16th August, 1980

**G.S.R. 904.**—In the notification of the Government of India in the erstwhile Ministry of Commerce and Civil Supplies (Department of Civil Supplies) No. G.S.R. 704 dated the 9th May, 1980 published at pages 1948 to 1950 of the Gazette of India No. 27 Part II—Section 3—Sub-Section (i) dated the 5th July, 1980 at page 1949, the following may be added after column 6 :—

Whether benefit of added Years of service admissible under Rule 30 of the C.C.S. (Pension) Rules, 1972—

(6A)—

"No"

[File No. A-12011/73/77-Estt. I]

K. S. BAJWA, Under Secy.

## विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, 6 अगस्त, 1980

सा० का० नि० 905.—भारतीय विदेश सेवा (वेतन, अवकाश, प्रतिपूर्ति भत्ता एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियमावली, 1961 के नियम 44 के प्रावधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति, निम्नलिखित संशोधन करते हैं :—

1 (1) ये नियम भारतीय विदेश सेवा (वेतन, अवकाश, प्रतिपूर्ति भत्ता, एवं अन्य सेवा शर्तें) संशोधन नियम, 1980 कहलायेंगे।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

2 भारतीय विदेश सेवा (वेतन, अवकाश, प्रतिपूर्ति भत्ता, एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियमावली 1961 के नियम 32 के उप नियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जायेगा :—

"32 अतिरिक्त छुट्टिया (1) इस सेवा के कर्मचारी ने जितनी अवधि के लिए भारत से बाहर सेवा की हो उतनी अवधि के लिए अतिरिक्त छुट्टिया उसके खाते में जमा कर दी जायेंगी।"

[संख्या-क्यू (जीए) 791 (32)/80]

जी० एस० भाटिया, विशेषाधिकारी (जी ए और टी जी)

## MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS

New Delhi, the 6th August, 1980

**G.S.R. 905.** In exercise of the powers conferred by the provision of Rule 44 of the Indian Foreign Service (Pay, Leave, Compensatory Allowances and other conditions of service) Rules, 1961, the President is pleased to make the following amendment :—

1(i) These rules may be called the Indian Foreign Service (Pay, Leave, Compensatory Allowances, and other conditions of service) Amendment Rules, 1980.

(ii) They shall come into force on the date of their publication in the official gazette.

2. Sub rule (1) of Rule 32 of the Indian Foreign Service (Pay, Leave, Compensatory Allowances, and other conditions of Service) Rules, 1961 shall be substituted by the following :—

"32 Additional Leave (1) A member of the service shall be entitled to an additional credit of leave for a period of service spent outside India."

[No. Q(GA)791(32)/80]

G. S. BHATIA, Officer on Special Duty (GA & TG)

## ऊर्जा मंत्रालय

(विद्युत विभाग)

नई दिल्ली, 4 अगस्त, 1980

सा० का० नि० 906.—केन्द्रीय सरकार विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 (1948) का 54 की धारा 68 की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राधिकरण से परामर्श करने के पश्चात् भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-II, खण्ड 3, उप खण्ड (i) दिनांक 28 मार्च, 1980 में प्रकाशित भारत सरकार, ऊर्जा मंत्रालय, (विद्युत विभाग) के सा० का० नि० सं० 142(अ), दिनांक 27 मार्च, 1980 की अधिसूचना में एतद्द्वारा निम्नलिखित संशोधन करती है :—

उपर्युक्त अधिसूचना की अनुसूची में मद ग (क) (iii) तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के बाद निम्नलिखित मद तथा प्रविष्टियां अंतःस्थापित की जायेंगी, अर्थात् :—

"(4) गैस टरबाइन विद्युत········ पन्द्रह"

[सं० 19/2/80-डेस्क-I]

कमलाकर मिश्र, संयुक्त सचिव

## MINISTRY OF ENERGY

(Department of Power)

New Delhi, the 4th August, 1980

**G.S.R. 906.**—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 68 of the Electricity (Supply) Act, 1948 (54 of 1948), the Central Government after consultation with the Authority, hereby makes the following amendment in the Notification of the Government of India in the Ministry of Energy and Irrigation (Department of Power), G.S.R. No. 142(E), dated the 27th March, 1980, published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II Section 3 sub-section (i) dated the 28th March, 1980 :—

In the Schedule to the said notification, after item C(a)(iii) and the entries relating thereto, the following item and entries shall be inserted, namely :—
"(iv) Gas Turbine Electric.......Fifteen".

[No. 19/2/80-Desk-I]

KAMALAKAR MISHRA, Jt. Secy.

(कोयला विभाग)

नई दिल्ली, 16 अगस्त, 1980

सा० का० नि० 907.—केन्द्रीय सरकार, कोयला खान भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1948 (1948 का 46) की धारा 7 के साथ पठित उसकी धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की अधिसूचना सं० पी एफ 1-15(5)/48, तारीख 11 दिसम्बर, 1948 के साथ प्रकाशित कोयला खान भविष्य निधि स्कीम का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित स्कीम बनाती है, अर्थात् :—

1 (1) इस स्कीम का संक्षिप्त नाम कोयला खान भविष्य निधि (द्वितीय संशोधन) स्कीम, 1980 है ।

(2) यह राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होगी ।

2. कोयला खान भविष्य निधि स्कीम, 1948 के पैरा 66 में,—

(क) उप पैरा (3) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"यदि वह व्यक्ति जिसे इस स्कीम के अधीन किसी रकम का संदाय किया जाना है, ऐसा अप्राप्तवय है जिसकी संपदा के लिए संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम, 1980 (1890 का 8) के अधीन संरक्षक नियुक्त किया गया है, तो संदाय ऐसे संरक्षक को किया जाएगा यदि ऐसा कोई संरक्षक नियुक्त नहीं किया गया है तो संदाय पैरा 62 के उप पैरा (4क) के अधीन नियुक्त किए गए संरक्षक को, यदि कोई है किया जाएगा । जहां संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 (1890 का 8) या इस स्कीम के पैरा 62 के उप पैरा (4क) के अधीन कोई संरक्षक नियुक्त नहीं किया गया वहां संदाय नैसर्गिक संरक्षक के अभाव में ऐसे व्यक्ति को जो अप्राप्तवय का प्रतिनिधित्व करने के लिए उचित व्यक्ति माना जाए, सहायक आयुक्त द्वारा अधिक से अधिक 5000 रु० की रकम तक, प्रादेशिक आयुक्त द्वारा अधिक से अधिक 15000 रु० की रकम तक, संयुक्त आयुक्त द्वारा अधिक से अधिक 20,000 रु० की रकम तक और जहां रकम 20,000 रु० से अधिक है, आयुक्त द्वारा संदाय किया जाएगा;

परन्तु किसी अप्राप्तवय के संरक्षक के रूप में एक से अधिक दावेदार होने की दशा में, अप्राप्तवय के निमित्त ऐसा संदाय प्राप्त करने के लिए हकदार व्यक्ति के दावे का विनिश्चय आयुक्त द्वारा किया जाएगा ;

परन्तु यह और भी कि ऐसे किसी दावेदार को कोई संदाय तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि किसी न्यायालय की डिक्री या आदेश के अधीन ऐसा संदाय प्राप्त करने के लिए हकदार किसी अन्य व्यक्ति के दावे के विरुद्ध आयुक्त की क्षतिपूर्ति के लिए उसके बन्धपत्र अभिप्राप्त नहीं कर लिया जाता है ।

(ख) उप पैरा (5) के खण्ड (ii) के पश्चात्, निम्नलिखित खण्ड अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(iii) किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की किसी शाखा में पाने वाले के बचत बैंक खाता में निक्षेप द्वारा ।"

[सं० 8(6)/80-सी एम डब्ल्यू (पी एफ) (i)]

**(Department of Coal)**

New Delhi, the 16th August, 1980

**G.S.R. 907.**—In exercise of the powers conferred by section 3 read with section 7 of the Coal Mines Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act, 1948 (46 of 1948), the Central Government hereby makes the following Scheme further to amend the Coal Mines Provident Fund Scheme published with the notificaion of Government of India in the Ministry of Labour No. PF/15(5)/48, dated the 11th December, 1948 namely :—

1. (1) This Scheme may be called the Coal Mines Provident Fund (Second Amendment) Scheme, 1980.

(2) It shall come into force on the date of its publication in the Official Gazette.

2. In the Coal Mines Provident Fund Scheme, 1948, in paragraph 66,—

(a) for sub-paragraph (3), the following shall be substituted, namely :—

"If the person to whom any amount is to be paid under this Scheme is a minor for whose estate a guardian under Guardians and Wards Act, 1890 (8 of 1890) has been appointed, the payment shall be made to such a guardian. Where no such guardian has been appointed, the payment shall be made to the guardian appointed under sub-paragraph (4A) of paragraph 62, if any. Where no guardian has been appointed either under the Guardians and Wards Act, 1890 (8 of 1890) or under sub-paragraph (4A) of paragraph 62 of the Scheme, the payment shall be made to the natural guardian and in the absence of a natural guardian to such person as considered to be the proper person representing the minor by the Assistant Commissioner to the extent of amount not exceeding Rs. 5,000, by the Regional Commissioner to the extent of amount not exceeding Rs. 15,000, by the Joint Commissioner to the extent of amount not exceeding Rs. 20,000, and by the Commissioner where the amount exceeds Rs. 20,000.

Provided that in the event of there being more than one claimant as a guardian of a minor, the claim of the person entitled to receive such payment on behalf of the minor shall be decided by the Commissioner ;

Provided further that no payment shall be made to such claimant without obtaining from him a bond for idemnfiving the Commissioner against the claim of any other person entitled to receive such payment under a decree or order of any Court".

(b) in sub-paragraph (5), after clause, (ii) the followiing clause shall be inserted, namely : —

"(ii) By deposit in the payee's Savings Bank Account at any branch of a nationalised Bank".

[No. 8(6)/80-CMW(PF)(i)]

सा० का० नि० 908.—केन्द्रीय सरकार, कोयला खान भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1948 (1948 का 46) की धारा 7 के साथ पठित उसकी धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की अधिसूचना सं०का०नि०आ० 657 तारीख 12 मार्च, 1956 के साथ प्रकाशित आंध्र प्रदेश कोयला खान भविष्य निधि स्कीम का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित स्कीम बनाती हैं, अर्थात् :—

1. (1) इस स्कीम का संक्षिप्त नाम आंध्र प्रदेश कोयला खान भविष्य निधि (संशोधन) स्कीम, 1980 है ।

(2) यह राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होगी ।

2. कोयला खान भविष्य निधि स्कीम, 1956 के पैरा 44 में,—

(क) उप पैरा (3) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् —

"यदि वह व्यक्ति जिसे इस स्कीम के अधीन किसी रकम का संदाय किया जाना है, ऐसा अप्राप्तवय है जिसकी संपदा के लिए संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम, 1890 (1890 का 8) के अधीन संरक्षक नियुक्त किया गया है, तो संदाय ऐसे संरक्षक को किया जाएगा । यदि ऐसा कोई संरक्षक नियुक्त नहीं किया गया है तो संदाय

**G.S.R. 909.**—In exercise of the powers conferred by section 3 read with section 7 of the Coal Mines Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act, 1948 (46 of 1948), the Central Government hereby makes the following Scheme further to amend the Rajasthan Coal Mines Provident Fund Scheme published with the notification of Government of India in the late Ministry of Labour and Employment No. S. O. 32, dated the 11th February, 1958, namely :—

1. (1) This Scheme may be called the Rajasthan Coal Mines Provident Fund (Amendment) Scheme, 1980.

(2) It shall come into force on the date of its publication in the Official Gazette.

2. In the Rajasthan Coal Mines Provident Fund Scheme, 1958, in paragraph 43,—

(a) for sub-paragraph (3), the following shall be substituted, namely :—

"If the person to whom any amount is to be paid under this Scheme is a minor for whose estate a guardian under Guardians and Wards Act, 1890 (8 of 1890) has been appointed, the payment shall be made to such a guardian. Where no such guardian has been appointed, the payment shall be made to the guardian appointed under sub-paragraph (4A) of paragraph 39, if any. Where no guardian has been appointed either under the Guardians and Wards Act, 1890 (8 of 1890) or under sub-paragraph (4A) of paragraph 39 of the Scheme, the payment shall be made to the natural guardian and in absence of a natural guardian to such person as considered to be the proper representing the minor by the Assistant Commissioner to the extent of amount not exceeding Rs. 5,000, by the Regional Commissioner to the extent of amount not exceeding Rs. 15,000 by the Joint Commissioner to the extent of amount not exceeding Rs. 20,000, and by the Commissioner where the amount exceed Rs. 20,000.

Provided that in the event of there being more than one claimant as a guardian of a minor, the claim of the person entitled to receive such payment on behalf of the minor shall be decided by the Commissioner :

Provided further that no payment shall be made to such claimant without obtaining from him a bond for indemnifying the Commissioner against the claim of any other person entitled to receive such payment under a decree or order of any Court."

(b) in sub-paragraph (5), after clause (ii), the following clause shall be inserted, namely :—

"(iii) By deposit in the payee's Savings Bank Account at any branch of a Nationalised Bank."

[No. 8(6)/80-CMW (PF)(iii)]
A. S. DESHPANDE, Dy. Secy.

## स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(स्वास्थ्य विभाग)

नई दिल्ली, 31 जुलाई, 1980

सा० का० नि० 910.—केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (बम्बई) नियमावली, 1963 के नियम-1 के उपनियम (3) का अनुसरण करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त नियमों को निम्नलिखित क्षेत्रों में पहली अगस्त, 1980 से लागू करती है, अर्थात् :--

केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना औषधालय सं० 19, मुलुन्द

पूर्व में--पूर्वी एक्सप्रेस हाईवे

पश्चिम में—भन्डुप, मुलन्द--थाने हिल्स

दक्षिण में--भन्डुप औषधालय की उत्तरी सीमा रेखा अर्थात् मुलन्द, गोरे गांव रोड भन्डुप हिल से पूर्वी एक्सप्रेस हाइवे तक

उत्तर में—थाने जिले की सीमा से लगती हुई बृहत बम्बई निगम की उत्तरी नगरीय सीमाएं।

[सं० एस० 11012/7/80-के०स०स्वा०यो० (निति)]

## MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

(Department of Health)

New Delhi, the 31st July, 1980

**G.S.R. 910.**—In pursuance of sub-rule (3) of rule 1 of the Central Government Health Scheme (Bombay) Rules, 1963, the Central Government hereby extends the said rules with effect from 1st of August, 1980 to the following areas, namely :—

CENTRAL GOVERNMENT HEALTH SCHEME DISPENSARY NO. 19, MULUND

East—Eastern Express Highway.

West—Bhandup, Kulund—Thane Hills.

South—North Boundary line of Bhandup dispensary i.e. Mulund, Goregaon Road from Bhandup Hill to Eastern Express Highway

North—North boundaries of Municipal limits of Greater Bombay Corporation, touching Thane District.

[No. S. 11012/7/30-CGHS(P)]

सा० का० नि० 911.—केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (लखनऊ) नियमावली, 1979 के नियम-1 के उपनियम (3) का अनुसरण करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त नियमों को निम्नलिखित क्षेत्रों में पहली अगस्त, 1980 से लागू करती है, अर्थात् :--

केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना औषधालय संख्या 3, लखनऊ

उत्तर में यह क्षेत्र सुभाष मार्ग और उत्तर पूर्वी रेलवे के संगम (सीतापुर लाइन) से आरम्भ होता है। यह क्षेत्र नादान महल रोड से लेकर तुलसी दास मार्ग के संगम तक फिर तुलसीदास मार्ग से लेकर दीन दयाल रोड के संगम तक और दीनदयाल रोड के साथ साथ मन्सूर नगर रोड के संगम तक और इसके बाद वहां तक जहां इसका संगम सावातगंज रोड से होता है। सावातगंज रोड के साथ साथ आगे चलें और फिर महाराज गंज रोड के साथ साथ वहां तक चलें जहां तक यह रेलवे क्रासिंग (उत्तरी रेलवे) से मिलती है।

पश्चिम में नगर महापालिका सीमा रेखा से लेकर नहर के संगम तक का क्षेत्र।

दक्षिण में नहर से लेकर मेरिट रोड के संगम तक का क्षेत्र।

पूर्व में मेरिट रोड से लेकर वहां तक का क्षेत्र जहां यह रोड जय प्रकाश नारायण रोड से मिलने वाली रोड से मिलती है और फिर आलमबाग क्रासिंग तक, वहां से कानपुर रोड के साथ साथ चारबाग रेलवे स्टेशन तक। वहां से सुभाष मार्ग के साथ-साथ वह क्षेत्र जहां इसका संगम रेलवे क्रासिंग (सीतापुर लाइन) के साथ होता है।

पूर्व में कानपुर रोड के पूर्वी तरफ पड़ने वाले निम्नलिखित क्षेत्र भी इसके अन्तर्गत आते हैं, अर्थात् आनन्द नगर, आदर्श नगर, सुजान पुर, अर्जुन नगर, चन्दन नगर तथा जय प्रकाश नारायण मार्ग तक पूरा आलम बाग।

इसके अन्तर्गत आने वाले मुख्य क्षेत्र इस प्रकार हैं :--

पांडेय गंज, चिरहाना, बुलावन, राजेन्द्र नगर, रानीगंज, नाका, पंजारोबा, आर्य नगर, नेहरू नगर, तिलक नगर, कुम्हरी, शंकर दयाल रोड, खजुआ, हटकी मोहल्ला, बिल्लोच पुरा, हैदरगंज, ऐशबाग, मास्टर कन्हैयालाल रोड और ऐशबाग के पास वाले इलाके, सावात गंज का भाग, तिकैत राय तालाब, लालकटोरा, बुलाकी अड्डा, तुरियागंज, नौबस्ता, आलम नगर, धनियामारी पुल शाहगंज, कजमेन रोड तथा खाला बाजार।

नोट इस समय पंडारिया केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना औषधालय संख्या 2 (लाल बाग) की सीमा में है, जब तीसरा औषधालय खुल जाएगा तब पंडारिया इस तीसरे औषधालय के अन्तर्गत आ जाएगा।

[सं एस-11012/10/80-के०स०स्वा०यों० (निति)]

**G.S.R. 911.**—In pursuance of sub-rule (3) of rule 1 of the Central Government Health Scheme (Lucknow) Rules, 1979 the Central Government hereby extends the said rules, with effect from 1st August, 1980 to the following areas namely :—

CENTRAL GOVERNMENT HEALTH SCHEME DISPENSARY NO. 3, LUCKNOW

On the North, the area starts from the Junction of Subhash Marg and the North Eastern Railways (Sitapur Line). It proceeds along the Nadan Mahel Road upto its meeting with the Tulsidas Marg then proceed along Tulsidas Marg upto its meeting with Dindayal Road and along Din Dayal Road, upto its meeting with Mansur Nagar Road and thereafter till it meets Saadatganj Road. Proceed along Saadatganj Road and then continue along Maharajganj Road till it meets Railway Crossing (N.R.).

On the West, the area is bounded by the Nagar Mahapalika boundary line till it meets the Canal.

On the South, the area is bounded by the Canal till it meets Merrit Road.

On the East, it is bounded by Merrit Road till it meets the road connecting Jai Prakash Narayan Road and then Alambagh Crossing from there, along the Kanpur Road, upto the Charbagh Railway Station. From there along the Subbash Marg to its meeting with Railway Crossing (Sitapur Line).

On the East, the area will also cover the following areas on the Eastern side of Kanpur Road namely Anand Nagar, Adarsh Nagar, Sujan Pura, Arjun Nagar, Chanden Nagar and entire Alambagh upto Jai Parkash Narayan Road.

The main area covered are as given below :—

Pandey Ganj, Birhana, Dugawan, Rajinder Nagar, Raniganj, Naka, Pandariba, Aryanagar, Nehru Nagar, Tilak Nagar, Kundari, Shanker Dayal Road, Khajua, Itki-Mohalla, Billauch Pura, Hyderganj, Aishbagh, Master Kanhailal Road and adjoining areas of Aishbagh, part of Saadat Ganj, Tikait Rai Talab, Talkatora, Bulaki Adda, Tooriaganj, Naubasta, Alamnagar, Dhaniamari Bridge Shahganj, Kazmain Road and Bazar Khala.

Note:—At present Pandariba is under the jurisdiction of C.G.H.S. dispensary No. 2 (Lal Bagh), when the 3rd dispensary will come in action then Pandariba will come under this 3rd dispensary.

[No. S. 11012/10/80-CGHS(P)]

नई दिल्ली, 19 अगस्त, 1980

सा०का०नि० 912.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति एतद्द्वारा संघ शासित क्षेत्र लक्षद्वीप प्रशासन में दन्त चिकित्सक के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं अर्थात् :—

1. संक्षिप्त शीर्ष और प्रारम्भ :—(1) इन नियमों का नाम संघ शासित क्षेत्र लक्षद्वीप प्रशासन में दन्त चिकित्सक (समूह 'ख' पद) भर्ती नियम, 1980 है।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से लागू होंगे।

2. संख्या, वर्गीकरण तथा वेतनमान :—पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण तथा वेतनमान वही होंगे जैसा कि अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 में निर्दिष्ट है।

3. भर्ती की विधि, आयु सीमा, अर्हताएं आदि :—उक्त पदों पर भर्ती की विधि, आयुसीमा, अर्हतायें तथा अन्य बातें वही होंगी जैसा कि उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 में निर्दिष्ट हैं।

4. अनर्हता :—कोई व्यक्ति

(क) जो किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह करता/करती है अथवा विवाह की संविदा करता/करती है जिसका कि पति या जिसकी पत्नी जीवित हो, अथवा

(ख) जो व्यक्ति एक पति/एक पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति के साथ विवाह करता/करती है अथवा विवाह की संविदा करता/करती है, सेवा में नियुक्त होने का पात्र नहीं है/होगा।

परन्तु केन्द्रीय सरकार यह समाधान होने पर कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्षकार पर लागू होने वाली स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है, और ऐसा करने के अन्य आधार हैं, किसी भी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है।

5. छूट देने की शक्ति :—जहां केन्द्रीय सरकार का यह विचार हो कि छूट देना आवश्यक या उचित है वहां वह संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से और लिखित कारणों के आधार पर आदेश द्वारा किसी श्रेणी या वर्ग से संबंधित व्यक्तियों को इन नियमों के किसी उपबन्ध से छूट दे सकती है।

6. व्यावृत्ति :—इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा विशेष वर्गों के व्यक्तियों के लिए जिन आरक्षणों और अन्य रियायतों की व्यवस्था करना अपेक्षित है, उन पर इन नियमों की किसी बात का प्रभाव नहीं पड़ेगा।

अनुसूची

| पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतनमान | चयन पद अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों की आयु सीमा | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| दन्त चिकित्सक | 1 | केन्द्रीय सामान्य सेवा, समूह 'ख' राजपत्रित, अलिपिकवर्गीय | 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो-40-1200 रुपये तथा भारत सरकार द्वारा समय समय पर | लागू नहीं होता | 35 वर्ष से अनधिक (सरकारी कर्मचारियों के लिए शिथिलनीय) नोट : आयु सीमा अवधारित करने की निर्णायक तारीख भारत में रहने वाले अभ्यर्थियों से उनसे भिन्न जो अंडमान | अनिवार्य : 1. दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 (1948 का 16) के भाग 1 या 2 में शामिल कोई अर्हता। 2. किसी दन्त चिकित्सा परिषद में पंजीकृत हो। 3. किसी अस्पताल में दन्त चिकित्सक |

| | | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मंजूर किया गया गैर प्रेक्टिस भत्ता । | | और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहते है) आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी) । | के पद पर कार्य करने का या प्राइवेट प्रेक्टिस का तीन वर्ष का अनुभव ।<br>नोट 1 :—सुअर्हित अभ्यर्थियों के मामले में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अर्हताएं शिथिलनीय है।<br>नोट 2 :—अनुभव संबंधी अर्हताएं संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के मामले में उस दशा में शिथिल की जा सकती हैं जब कि चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय हो कि इनके लिए आरक्षित रिक्त स्थानों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले इन समुदायों के अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हो सकेंगे ।<br>वांछनीय :<br>(1) दन्त चिकित्सा में स्नातकोत्तर अर्हता ।<br>(2) स्थानीय भाषा का ज्ञान । |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नति की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो | भर्ती की पद्धति, भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता | प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिससे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| लागू नहीं होगा | 2 वर्ष | प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा, जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा। | केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारों या संघ शासित प्रशासनों के अधीन कार्य कर रहे विभागों में से प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण।<br>(प्रतिनियुक्ति की अवधि तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी) । | समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि पर विचार करने के लिए)।<br>1. समाहर्ता एवं विकास आयुक्त—अध्यक्ष।<br>2. उप स्वास्थ्य सेवा निदेशक—सदस्य।<br>3. दन्त चिकित्सा विंग, मेडिकल कालेज, त्रिवेन्द्रम के प्रोफेसर तथा विभाग अध्यक्ष—सदस्य। | प्रत्येक अवसर पर चयन संघ लोक सेवा आयोग परामर्श से किया जाएगा।<br>नोट : पुष्टि संबंधी विभागीय पदोन्नति समिति का कार्यवृत्त संघ लोक सेवा आयोग को अनुमोदनार्थ भेजा जायेगा । यदि संघ लोक सेवा आयोग इसका अनुमोदन नहीं करता है तो संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष/सदस्य की अध्यक्षता में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक नए सिरे से बुलाई जायेगी । |

[सं० ए०-12018/3/79-एच०]

सत्यपाल गोस्वामी, अवर सचिव

New Delhi, the 19th August, 1980

**G.S.R. 912.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Dental Surgeon in the Union Territory of Lakshadweep Administration, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Union Territory of Lakshadweep Administration Dental Surgeon (Group 'B' Post) Recruitment Rules, 1980.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of post, classification and scale of pay.—The number of the said post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed hereto.

3. Method of recruitment, age limit, qualification, etc.,—The method of recruitment to the said post, age limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns 5 to 13 of the Schedule aforesaid.

4. Disqualification.—No prson,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.— Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

| Name of post | No. of post | Classification | Scale of pay | Whether selection post or non-selection post | Age limit for direct recruits | Educational and other qualifications required for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| Dental Surgeon | 1 | General Central Service Group 'B' Gazetted Non-Ministerial. | Rs. 650-30-740-35-810-EB-35-880-40-1000-EB-40-1200 plus non-practising allowance as sanctioned by the Government of India from time to time. | Not applicable | Not exceeding 35 years. (Relaxable for Government servants) Note : The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (other than those in Andaman and Nicobar Islands and Lakshadweep) | Essential : (i) A qualification included in part I or part II of the Dentist Act, 1948 (16 of 1948) (ii) Should be registered with a Dental Council. (iii) Three years experience of dental work in a hospital or in private practice. Note 1 : Qualifications are relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in the case of candidates otherwise well qualified. Note 2 : Qualification regarding experience is relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in the case of candidates belonging to Scheduled Castes or Scheduled Tribes if at any stage of selection, the Union Public Service Commission is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancies reserved for them. Desirable : (i) A post graduate qualification in Dentistry. (ii) Knowledge of local language. |

| Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any | Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/ transfer and percentage of vacancies to be filled by various methods | In case of recruitment by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/ deputation/transfer to be made | If a Departmental Promotion Committee exists what is its composition | Circumstances in Which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| Not applicable | 2 years | By transfer on deputation failing which by direct recruitment. | Transfer on deputation : Of Dental Surgeons working in Central Government/ State Governments or Union Territory Administrations. (Period of deputation shall not exceed 3 years) | Group 'B' Departmental Promotion Committee (for considering confirmation) consisting of : (1) Collector-cum-Development Commissioner— Chairman (2) Deputy Director of Health Services —Member (3) Professor and Head of Dental Wing, Medical College, Trivandrum—Member. | Selection on each occasion shall be made in consultation with the Union Public Service Commission. Note : The proceedings of the Departmental Promotion Committee relating to confirmation shall be sent to the Union Public Service Commission for approval. If, however, these are not approved by the Union Public Service Commission a fresh meeting of the Departmental Promotion Committee to be presided over by the Chairman or a Member of the Union Public Service Commission shall be held. |

[No. A 12018/3/79-H]

S. P. GOSWAMI, Under Secy.

---

## कृषि मंत्रालय

### (कृषि और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, 15 जुलाई, 1980

सा०का०नि० 913—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए खाद्य और कृषि मंत्रालय (तकनीकी अराजपत्रित समूह ख और समूह ग पद भर्ती) नियम 1959 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम खाद्य और कृषि मंत्रालय (तकनीकी अराजपत्रित समूह "ख" तथा "ग" पद भर्ती) द्वितीय संशोधन नियम, 1980 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. खाद्य और कृषि मंत्रालय (तकनीकी अराजपत्रित समूह ख और वर्ग समूह ग पद भर्ती) नियम 1959 की अनुसूची में

(क) समूह "ख" अराजपत्रित पद शीर्ष के नीचे—

(1) मद संख्या 8, 16, 19, 26 और 30 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों का लोप किया जाएगा।

(2) अनुसंधान अन्वेषक (श्रेणी 1) (कृषि गणना) के पद से संबंधित मद सं० 30 के पश्चात निम्नलिखित मद और प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात् :—

अनुसूची

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| "31. अनुसंधान अन्वेषक (सांख्यिकी और अर्थशास्त्र) | 19 | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख' अराजपत्रित अलिपिक-वर्गीय। | 550-25-750-द०रो०-30-900 रु० | चयन | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |

| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|
| लागू नहीं होता | 2 वर्ष | 50 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा, 50 प्रतिशत प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण/स्थानान्तरण। | **प्रोन्नति**<br>विभागीय अनुसंधान सहायक (सांख्यिकी और अर्थ) जिन्होंने उस श्रेणी में नियमित रूप से 5 वर्ष सेवा की है और जो कम से कम अर्थशास्त्र/वाणिज्य/कृषि अर्थशास्त्र/सांख्यिकी/संचालन/अनुसंधान/गणित में से किसी एक विषय में उपाधि प्राप्त हैं।<br>प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण/स्थानान्तरण.<br>केन्द्रीय सरकार के सदृश पद धारण करने वाले अधिकारी या ऐसे अधिकारी जिन्होंने 425-800 रु० 425-700 रु० या समतुल्य वेतनमान में 5 वर्ष सेवा की है और जो कम से कम अर्थशास्त्र/वाणिज्य/कृषि अर्थशास्त्र/सांख्यिकी/संचालन अनुसंधान/गणित में से किसी एक विषय में उपाधि प्राप्त हैं।<br>(प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी) | समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति में निम्नलिखित होंगे :—<br>1. संयुक्त निदेशक (प्रशासन)—अध्यक्ष।<br>2 संबंधित प्रभाग के संयुक्त/उपसचिव—सदस्य<br>3 उपसचिव (प्रशासन) —सदस्य। | किसी अधिकारी की स्थानान्तरण के आधार पर नियुक्ति और इन नियमों के किसी उपबंध को संशोधित/शिथिल करते समय आयोग से परामर्श किया जायगा।" |

(ख) 'समूह ग अराजपत्रित पद" के शीर्ष के नीचे—

(1) मद संख्या 12, 15, 33, 24, 26, 30, 45, 48 और 63 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों का लोप किया जाएगा।

(2) तकनीकी सहायक (लघु सिंचाई पद से संबंधित मद संख्या 13 के सामने स्तम्भ 7 में विद्यमान प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएंगी, अर्थात :—

"आवश्यक : (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग या आर्किटेक्ट में डिप्लोमा या समतुल्य।

(2) जल उत्थापक उपकरणों का ज्ञान और सिंचाई संरचना की स्वच्छ ड्राइंग और स्केच तैयार कर सकने की योग्यता।

वांछनीय डिजाइन अनुमान का तैयार करने और परीक्षण और सिंचाई सकर्मों के अनुरक्षण का 3 वर्ष का अनुभव।"

(3) मद संख्या 31 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित मद और प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात् :—

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| "31. ज्येष्ठ संगणक | 7 | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग' अराजपत्रित अलिपिक वर्गीय। | 330-10-380-द०रो०-12-500-द०रो०-15-560 रु० | अचयन | 19 से 26 वर्ष (सरकारी सेवकों के लिए शिथिलनीय) | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गणित या सांख्यिकी एक विषय के रूप में उपाधि। |

| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|
| नहीं | 2 वर्ष | 50 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा; 50 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा। | प्रोन्नति : सगणक जिन्होंने उस श्रेणी में नियमित रूप से 5 वर्ष सेवा की हो। प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण : कृषि और सहकारिता विभाग के सलग्न और अधीनस्थ कार्यालय में सगणक जिन्होंने उस श्रेणी में नियमित रूप से 5 वर्ष सेवा की है। (प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। | विभागीय प्रोन्नति समिति समूह 'ग' में निम्नलिखित होंगे :— 1 प्रशासन के भारसाधक उपसचिव—अध्यक्ष। 2. विषय सबंधी प्रभाग के उपायुक्त स्तर के अधिकारी परन्तु उपसचिव स्तर से ऊपर नहीं होंगे—सदस्य। 3. अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित अवर सचिव स्तर के अधिकारी परन्तु उपसचिव के स्तर से उपर नहीं होंगे—सदस्य। 4. प्रशासन अनुभाग के भारसाधक अवर सचिव —सदस्य। | लागू नहीं होता |

(4) मद संख्या 36 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित मद और प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात् :—

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 संगणक | 6 | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग' अराजपत्रित अलिपिकवर्गीय। | 260-6-290-द०रो०-6-326-8-366-द०रो०-8-390-10-400 रु० + 20 रु० प्रतिमाह विशेष वेतन। | लागू नहीं होता | 18 से 25 वर्ष (सरकारी सेवकों के लिए शिथिल करके 35 वर्ष तक की जा सकती है। | 1. मैट्रिक या समतुल्य 2. की पंच परीक्षा पास हो—(आई०सी०एल०) हस्तचालित पंचिग मशीन पर 30 मिनट में 42 कार्ड और आई०बी०एम० विद्युत मशीन पर 30 मिनट में 84 कार्ड। |

| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|
| लागू नहीं होता | 2 वर्ष | सीधी भर्ती द्वारा | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |

5. तकनीकी सहायक (उर्वरक) पद से संबधित मद संख्या 63 के पश्चात निम्नलिखित प्रविष्टियां की जाएंगी, अर्थात् :—

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| "64. अनुसंधान सहायक (सांख्यिकी और अर्थ) | 22 | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग' अराजपत्रित अलिपिकवर्गीय। | 125-15-500-द०रो०-15-560-20-700 रु० | अचयन | 20-26 वर्ष (सरकारी सेवकों के लिए शिथिल करके 35 वर्ष तक की जा सकती है। | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र या सांख्यिकी या गणित के विषय में उपाधि या समतुल्य। |

| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|
| आयु : नहीं अर्हताएं : हां | 2 वर्ष | 25 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा; 75 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा। | प्रोन्नति : कृषि विभाग में ज्येष्ठ संगणक जिन्होंने उस श्रेणी में नियमित रूप से 5 वर्ष सेवा की हो। प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण : सदृश पदों के धारण करने वाले अधिकारी या ऐसे अधिकारी जिन्होंने कृषि विभाग और उसके संलग्न और अधीनस्थ कार्यालय में 330-560 रु० | विभागीय प्रोन्नति समिति समूह 'ग' में निम्नलिखित होंगे :— 1. प्रशासन प्रभाग के भारसाधक उपसचिव—अध्यक्ष 2. विषय संबंधी प्रभाग के उपायुक्त स्तर के अधिकारी परन्तु उपसचिव के स्तर से ऊपर के नहीं होंगे—सदस्य। | लागू नहीं होता |

| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | के वेतनमान में नियमित 5 वर्ष सेवा की है और जो स्तम्भ 7 में सीधी भर्ती के लिए अधिकथित अर्हताएं और अनुभव प्राप्त हों। (प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। | 3. अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित अवर सचिव स्तर के अधिकारी परन्तु उप सचिव के स्तर से ऊपर के नहीं होंगे—सदस्य। 4. प्रशासन अनुभाग के भारसाधक अवर सचिव —सदस्य। | |

[सं० 12018/1/77-स्था०-4]

रघुराजशरण सक्सेना, उप सचिव

## MINISTRY OF AGRICULTURE

**(Department of Agriculture & Cooperation)**

New Delhi, the 5th July, 1980

**G.S.R. 913.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Ministry of Food and Agriculture (Recruitment to Technical Non-gazetted Group 'B' and 'C' Posts) Rules, 1959, namely:—

1. (1) These rules may be called the Ministry of Food and Agriculture (Recruitment to Technical Non-gazetted Group 'B' and 'C' Posts) (Second A amendment) Rules 1980.

(2) They shall come into force from the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Ministry of Food and Agriculture (Recruitment to Technical Non-gazetted Group 'B' and 'C' Posts) Rules, 1959, in the Schedule,

(a) under the Heading "Group B Non-gazetted Posts"

(1) Item Nos. 8, 16, 19, 20 & 30 and the entries relating thereto shall be omitted ;

(2) After item number 30 relating to the post of Research Investigator (Grade I) (Agriculture Census), the following item and entries shall be inserted, namely:—

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| "31. Research Investigator (Statistics and Economics) | 19 | General Central Services, Group 'B', Non-gazetted, Non-ministerial | Rs. 550-25-750-EB-30-900 | Selection | Not applicable | Not applicable |

| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|
| Not applicable | 2 years | 50% by promotion, failing which by transfer on deputation ;<br>50% by transfer on deputation/transfer. | Promotion :<br>Departmental Research Assistants (Statistics and Economics) with 5 years' regular service in the grade and possessing at least a degree with one of the subjects : Economics/Commerce/Agricultural Economics/Statistics/Operations/Research/Mathematics.<br>Transfer on deputation/transfer :<br>Officers of the Central Government holding analogous posts or with at least 5 years' service in posts in the posts in the scale of | Group 'B' Departmental Promotion Committee consisting of:—<br>(i) Joint Secretary (Administration) —Chairman<br>(ii) Joint/Deputy Secretary of the Division concerned —Member<br>(iii) Deputy Secretary (Administration) —Member. | The Commission shall be consulted while appointing an officer on transfer basis and also while amendings/relaxing any provision of these rules". |

| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | pay of Rs. 425-800/Rs. 425-700 or equivalent and possessing at least a degree with one of the subjects : Economics/Commerce/Agricultural Economics/Statistics/Operations/Research/Mathematics). (Period of deputation shall ordinarily not exceed three years). | | |

(b) under the heading "Group C Non-gazetted posts",—

(1) Item Nos. 12, 15, 23, 24, 26, 30, 45, 48, 63 and the entries relating thereto shall be omitted ;

(2) Against Item No. 13 relating to the post of Technical Assistant (Minor Irrigation) in column 7, for the existing entry, the following entry shall be substituted, namely:—

"Essential :

(i) Diploma in Civil Engineering or Architecture from a recognised University, or equivalent ;

(ii) Acquaintance with water lifting appliances and ability to draw drawings and sketches of irrigation structures neatly.

Desirable :

3 years' experience of preparation and examination of designs, estimates and maintenance of irrigation works." ;

(3) For Item No. 31 and the entries relating thereto, the following item and entries shall be substituted, namely :—

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| "31. Senior Computor | 7 | General Central Services, Group 'C', Non-gazetted, Non-ministerial | Rs. 330-10-380-EB-12-500-EB-15-560 | Non Selection | 19 to 26 years (Relaxable for Government Servants) | Degree with Mathematics or Statistics as a subject, from any recognised University. |

| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|
| No | 2 years | 50% by promotion, failing which by transfer on deputation and, failing both by direct recruitment ; 50% by direct recruitment. | Promotion : Computers with 5 years' Service in the grade ; Transfer on deputation : Computors in the attached and subordinate offices of the Department of Agriculture and Co-operation having 5 years' regular service in the grade (Period of deputation shall ordinarily not exceed 3 years). | Group 'C' Departmental Promotion Committee consisting of : (i) Deputy Secretary in-charge of Administration Division concerned—Chairman (ii) An officer of the rank of Deputy Commissioner or above, but not above the rank of Deputy Secretary of the subject matter Division—Member (iii) An officer of the rank of or above Under Secretary, but not of rank above the Deputy Secretary, belonging to Scheduled Castes or the Scheduled Tribes—Member (iv) Under Secretary in-charge of Administration Section concerned—Member | Not applicable". |

(4) for Item No. : 36 and the entries relating thereto, the following item and entries shall be substituted, namely:—

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| "36. Computor | 6 | General Central Services, Group 'C', Non-gazetted, non-ministerial | Rs. 260-6-290-EB-6-326-8-366-EB-8-390-10-400/-+Rs. 20/- per month special pay | Not applicable | 18 to 25 years (Relaxable for Government servants upto 35 years) | (1) Matriculation or equivalent. (2) Should have passed a Key-punching test (In the ICI Hand-punching machine 42 cards in 30 minutes ; in the IBM Electric Machine 84 cards in 30 minutes) |

| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|
| Not applicable | 2 years | By direct recruitment | Not applicable | Not applicable | Not applicable"; |

(5) after item number 63 relating to the post of Technical Assistant (Fertilizer), the following item and entries shall be inserted, namely:—

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| "64. Research Assistant (Statistics and Economics) | 22 | General Central Services, Group 'C', Non-gazetted, Non-ministerial. | Rs. 425-15-500-EB-15-560-20-700. | Non-selection | 20-26 years. (Relaxable for Government servants upto 35 years) | Degree with Economics or Statistics or Mathematics as a subject from any recognised University. |

| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|
| Age : No. Qualifications : Yes | 2 years | 25% by promotion, failing which by transfer on deputation, and failing both by direct recruitment<br>75% by direct recruitment. | Promotion :<br>Senior Computors in the Department of Agriculture with at least 5 years' regular service in the grade ;<br>Transfer on deputation :<br>Officials holding analogous posts, or with at least 5 years' regular service in posts carrying scale of pay of Rs. 330-560/- from the Department of Agriculture and its Attached and Subordinate offices and possessing the qualifications and experience laid down for direct recruits, in column 7 (Period of deputation shall ordinarily not exceed three years). | Group 'C' Departmental Promotion Committee Consisting of:—<br>(i) Deputy Secretary in-charge of Administration Division concerned— Chairman<br>(ii) An officer of the rank of Deputy Commissioner or above, but not of rank above deputy Secretary, to the Subject matter Division.—Member<br>(iii) An officer of the rank of or above Under Secretary, but not of rank above the Deputy Secretary, belonging to the Scheduled Castes or Scheduled Tribes— Member<br>(iv) Under Secretary in charge of Administration Section concerned.—Member | Not applicable"; |

[No. 12018/1/77-Estt. IV

R. S. SAKSENA, Deputy Secy.

(कृषि और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, 16 अगस्त, 1980

सा० का० नि० 914 :—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड में कार्यपालक इंजीनियर (सिंचाई के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

